कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/माध्य/शालादर्पण/60306(2)/2017–18 दिनांक – 12.9.2017

समस्त उपनिदेशक,
माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा **अति– आवश्यक**
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा
समस्त ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी

विषयः–शालादर्पण एवं शालादर्शन पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं का उपयोग करने के संबंध में ।

प्रसंग :–शासन का पत्रांक प.4(16)शिक्षा–1/2014 पार्ट जयपुर दिनांक 15.11.16 एवं इस कार्यालय का पूर्व पत्रांक शिविरा–मा/माध्य/शालादर्पण/60306/16–17 /108 दिनांक 24.11.16

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में लेख है कि शिक्षा विभाग के अधीन संचालित माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा के समस्त विद्यालयों, कार्मिकों एवं विद्यार्थियों के संबंध में सूचनाएं क्रमशः शालादर्पण एवं शालादर्शन पोर्टल पर उपलब्ध हैं। प्रासंगिक पत्र द्वारा पूर्व में निर्देशित किया गया था कि पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं का अधिकतम उपयोग करते हुए विद्यालयों से सीधे सूचनाएं नहीं मांगी जावे, बावजूद इसके यह देखने में आ रहा है कि कार्यालयों द्वारा सीधे ही संस्था प्रधानों से सूचनाऐं मांगी जा रही है जिसे शासन स्तर पर गंभीरता से लिया गया है।

अतः इस पत्र द्वारा समस्त कार्यालयों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि शालादर्पण एवं शालादर्शन पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाएं संस्था प्रधानों तथा पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (PEEO) से नहीं मांगी जावे । आवश्यक सूचना पोर्टल पर ही अद्यतन करवाकर उपयोग करें तथा उपलब्ध सूचना के अतिरिक्त अन्य प्रारूप में आवश्यकता होने पर शालादर्पण/शालादर्शन प्रकोष्ठ बीकानेर तथा जयपुर से संपर्क करें। उक्त निर्देशों की कठोरता से पालना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(पी.सी. किशन)
आईएएस
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

(नथमल डिडेल)
आईएएस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्, राजस्थान जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद् राजस्थान जयपुर ।
4. प्रभारी शालादर्पण प्रकोष्ठ/शालादर्शन प्रकोष्ठ जयपुर /बीकानेर ।
5. स्टॉफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा ।
6. सिस्टम ऍनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को विभाग वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

E:\GOVIND GEN.LETTER